हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 बूचड़खाना ले जा रहे मवेशियों से भरा पिकअप पलटा, 4 गायों की मौत



## खबर संक्षेप

### पेंशनर दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मेलन रायगढ़ में कल

**अम्बिकापुर।** राज्य स्तरीय पेंशनर्स दिवस 17 दिसम्बर को रायगढ़ में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सरगुजा के 40 प्रतिनिधि शामिल होंगे। संगठन में उपप्रांताध्यक्ष अनंत सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम में अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर फेडरेशन के उपाध्यक्ष सालिक मौल्लिकर के साथ ही प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि, नेता प्रतिपक्ष तथा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में वित्त विधेयक 2025 को निरस्त करने धारा 49(6) को समाप्त करने केंद्रीय दर पर, केंद्रीय तिथि से महंगाई राहत भत्ते का भुगतान सहित अन्य लंबित मुद्दों पर चर्चा उपरांत मांगपत्र प्रधानमंत्री के नाम सौंपा जाएगा।

### मैनपाट के करमा रिसॉर्ट में लोकनृत्य प्रतियोगिता 19 को

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 8 से 21 दिसंबर तक विशेष गतिविधियों और प्रतियोगिताओं की भव्य श्रृंखला आयोजित कर रहा है। इनका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। इसी कड़ी में पर्यटन बोर्ड 19 दिसंबर को सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित करमा रिसॉर्ट में लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 7 हजार रुपए, द्वितीय को 5 हजार रुपए तथा तृतीय को 3 हजार रुपए नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रचार सामग्री में स्थान और व्यापक पहचान का अवसर प्रतियोगिता के दौरान कैद किए गए छायाचित्रों और वीडियो को छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की प्रचार सामग्री तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रमुखता से स्थान दिया जाएगा।

### पीएम आवास शहरी अंतर्गत नवीन आवेदनों की प्रक्रिया शुरू

**बलरामपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (2.0) के अंतर्गत बलरामपुर जिले के सभी नगरीय निकायों में पात्र हितग्राहियों से नवीन आवेदन लिए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत जो भी हितग्राही पात्र है अपना आवेदन अपने संबंधित नगरीय निकाय में आवेदन कर सकते है। जिले के शहरी क्षेत्रों में आवासहीन एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वयं का पक्का घर उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा नियमों को और अधिक सुगम बनाया गया है। जिसमें पूर्व में दर्ज नियमों के अनुसार 2500 वर्ग फुट से अधिक जमीन वाले भूमि स्वामी पात्र नहीं थे। शासन द्वारा इस कंडिका को हटा दिया है। ताकि अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। साथ ही आवास हेतु पात्रता के लिए नियमानुसार स्वयं के नाम पर भूमि हो। सलाना परिवार की आय 3 लाख से कम हो। स्वयं का पक्का मकान नहीं हो। निकाय अंतर्गत अगस्त 2024 के पूर्व का निवासी होना अनिवार्य है।

### गुरू घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 62 तथा वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिन्दुओं पर शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा 18 दिसम्बर गुरू घासीदास जयंती दिन गुरूवार को शुष्क दिवस घोषित गया है। उक्त दिवस को जिले की समस्त देश-विदेशी मदिरा की दुकानें बंद रहेंगी तथा मदिरा का विक्रय, धारक एवं परिवहन पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

## करंट के फंदे से बाघ की मौत होने की आशंका

# बड़ी लापरवाही : वन अधिकारियों को नहीं थी जंगल में बाघ होने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर



घटना स्थल पर मौजूद वन अधिकारी, इनसेट में मृत बाघ।

वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत रेवटी जंगल में बाघ का शव मिलने से क्षेत्रवासी हैरान हैं। जिस स्थान पर बाघ का शव मिला है वह गुरूघासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व की सीमा से सटा है। गुरु घासीदास नेशनल पार्क से तमोर पिंगला अभ्यारण्य तक बाघों की आवाजाही होती रही है। वन अधिकारियों को इसकी जानकारी भी है लेकिन बाघों की सुरक्षा को लेकर विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गंभीर नहीं है।

**खास बात**

- घटनास्थल के पास ही है टाइगर रिजर्व का जंगल

यह जानकर हैरानी हो सकती है कि बाघ के तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के पास भ्रमण करने की जानकारी न तो अभ्यारण्य के अधिकारी-कर्मचारियों को थी न ही सामान्य वन मण्डल के अधिकारी-कर्मचारियों को ही थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि गुरु घासीदास नेशनल पार्क से चांदनी-बिहारपुर के रास्ते चार-पांच दिन पूर्व बाघ तमोर पिंगला अभ्यारण्य में पहुंचा होगा तथा शिकार की खोज में पास के घुई जंगल में भ्रमण करने के दौरान तस्करों का शिकार बना होगा। मृत बाघ का शरीर फूला होने एवं शव में सड़क होने के कारण उसकी मौत तीन-चार दिन पहले होने की संभावना जताई जा रही है। जाहिर है कि इस बीच कोई वनकर्मी जंगल की ओर नहीं गया अन्यथा पूर्व में ही घटना की जानकारी मिल सकती थी। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब विभाग बाघों के संरक्षण को लेकर पूरे देशभर में अभियान चला रहा है साथ ही बाघों की गणना भी की जा रही है। सरगुजा के वन अधिकारी और कर्मचारी भी बाघों की गणना में व्यस्त है। यह बात अलग है कि अधिकारी-कर्मचारियों को घुई जंगल में कई दिनों से बाघ के मौजूद होने की जानकारी तक नहीं मिल सकी।

### जांच उपरांत होगा पीएम

एनटीसीए के मापदण्डों के अनुसार बाघ की मौत होने के मामले की जांच की जाएगी। जांच उपरांत मृत बाघ का पीएम मंगलवार को किया जाएगा।

-वेंकट चेलम, सीसीएफ, वाइल्ड लाइफ

### एक माह पूर्व दिया गया था प्रशिक्षण

बाघों के संरक्षण एवं उनकी गणना को लेकर 19 नवम्बर को नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया था जिसमें संभाग भर के 550 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए थे। प्रशिक्षण उपरांत दिसम्बर महीने में विभाग द्वारा बाघों की गणना भी शुरू कर दी गई है। हैरानी की बात है कि लम्बी दूरी तय कर घुई जंगल में पहुंचे बाघ की किसी को भी कानो कान खबर तक नहीं मिल सकी तथा शिकारियों ने न केवल बाघ का शिकार किया बल्कि उसके नाखून व दांत को भी गायब कर दिया।

### आज होगा पीएम

बाघ की मौत के कारणों की जांच के लिए घटनास्थल पर 100 मीटर की परिधि को ग्रीन नेट लगाकर सील कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर घटनास्थल पर त्रिस्तरीय घेरा तैयार किया गया है तथा वन अधिकारी भी घटनास्थल तक नहीं पहुंच सके है। बताया जा रहा है कि विशेषज्ञों एवं स्नीपर डॉग के पहुंचने के बाद पूरी रात मामले की जांच चलेगी। जांच के दौरान एनटीसीए के विशेषज्ञों के अतिरिक्त वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। जांच प्रभावित न हो इसलिए विभाग के सभी अधिकारी पूरी रात घटनास्थल पर मौजूद रहेंगे। जांच पूरी होने के बाद मंगलवार को एनटीसीए के मापदण्डों के अनुसार बाघ का पीएम किया जाएगा।

### लगातार हो रहा अवैध शिकार

सूरजपुर एवं बलरामपुर वन मण्डल में अवैध शिकार की सर्वाधिक घटनाएं समने आई है। ग्रामीण वन्य जीवों का शिकार करने अक्सर करंट का फंदा लगाते हैं। करंट के फंदे में फंसने से अब तक बड़ी संख्या में हाथियों की मौत हो चुकी है। रात के अंधेरे में फंदे के संपर्क में आने से अनेक ग्रामीणों की भी मौत हो चुकी है। जंगली सुअर का शिकार करने के लिए करंट का फंदा लगाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। बाघ की मौत भी शिकार के लिए लगाए गए करंट के फंदे से होने की संभावना जताई जा रही है। बाघ की मौत होने की सूचना पर सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन भी घटनास्थल पर पहुंचे थे जबकि मुख्य वन संरक्षक दिलराज प्रभाकर एवं मुख्य वन संरक्षक वाइल्ड लाइफ वेंकट चेलम, सूरजपुर डीएफओ दिलेश्वर साहू, बलरामपुर डीएफओ आलोक वाजपेयी सहित अन्य अधिकारी सुबह से ही घटनास्थल पर मौजूद है।

# घने कोहरे ने रफ्तार पर लगाया ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शीत लहर के बीच वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण सोमवार को देर तक घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण दृश्यता इतनी कम हो गई थी पास की चीजें भी नजर नहीं आ रही थी। इस दौरान कनकनी युक्त ठंड पड़ने के कारण लोग कंपकपाते रहे तथा देर तक अपने घरों में बंद रहे।

- घंटों प्रभावित रहा आवागमन, विलंब से पहुंची ट्रेन व यात्री बसें

सरगुजा में शीतलहर के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से तापमान में लगभग एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है लेकिन अभी भी पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह पूर्ववत जारी है जिससे ठंड पूर्ववत लोगों को कंपकपा रही है। मौसम विभाग द्वारा न्यूनतम पारा 6.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है जबकि मैनपाट सहित अन्य पठारी क्षेत्रों का पारा 4.0 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर है। सोमवार को वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण सुबह होते ही घना कोहरा छा गया। कोहरे के प्रभाव से शहरी क्षेत्र में दृश्यता घटकर 20 मीटर पहुंच गई थी जबकि बाहरी क्षेत्रों में दृश्यता 5 से 10 मीटर तक सिमट गई थी। इस दौरान सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंचने के कारण लोग कनकनी युक्त ठंड से घंटों परेशान रहे। कड़ाके की ठंड एवं घने कोहरे के कारण सुबह सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा तथा वाहनों ने लाइट जलाकर धीमी रफ्तार में अपने गंतव्य तक का सफर पूरा किया। इसके साथ ही वर्तमान में रात के समय भी कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। घने कोहरे के कारण रात में भी दृश्यता कम हो गई है। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में भी कोहरा का प्रभाव रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

मौसम विज्ञानी अक्षयमोहन भट्ट ने बताया कि उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से एक-दो दिन तक पारा में आंशिक कमी आने की संभावना है। विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही फिर से पारा में गिरावट होने एवं शीतलहर के प्रभाव में वृद्धि होने की संभावना है।

## अवैध रूप से लाया जा रहा 655 बोरी धान व 6 वाहन जब्त

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के सनावल क्षेत्र में लाए जा रहे अवैध धान प्रशासन ने जब्त किया है। तस्कर बेखौफ होकर ट्रैक्टर से नदी के रास्ते धान की तस्करी कर रहे थे। टीम ने दो अलग अलग मामलों में 655 बोरी धान के साथ ही छह वाहनों को जब्त किया है। बता दें कि बलरामपुर जिले में धान खरीदी का कार्य तेजी से चल रहा है। बलरामपुर जिले के 49 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 610296.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई है लेकिन धान खरीदी के साथ ही जिले में कोचिए भी सक्रिय है जो कई समितियों में अवैध रूप से दीगर राज्यों का धान लाकर खपाने का काम चल रहा है। जिले में अवैध धान के खिलाफ कार्रवाई भी चल रही है लेकिन पकड़ने जाने के बाद भी अवैध धान के आने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में क्षेत्र में नदी के रास्ते ट्रैक्टर से अवैध धान लाने का एक वीडियो सामने आया था। वहीं अब कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर राजस्व एवं संयुक्त टीम के द्वारा दो अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 655 बोरी अविध धान को जब्त किया गया है। ग्राम महादेवपुर में जनपद पंचायत रामचंद्रपुर जनपद सीईओ रणवीर साय, तहसीलदार अश्विनी चंद्रा, नायब तहसीलदार आईसी यादव एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उत्तरप्रदेश की ओर से आ रहे 4 ट्रैक्टर को रोककर पूछताछ की गई। जांच के दौरान ट्रैक्टरों में 520 बोरियां अवैध धान परिवहन करते हुए पाया गया। जिसे जब्त कर संबंधित वाहनों सहित थाना डिंडो में सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार ग्राम डूमरपान में भी प्रशासनिक टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 2 पिकअप वाहनों को रोका गया जिनमें लगभग 135 बोरियां धान अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी, जिसे जब्त कर थाना सनावल में सुपुर्द किया गया।

# ट्रिपल मर्डर के आरोपी की हत्या, लोगों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जमदेई में ट्रिपल मर्डर के आरोपी 52 वर्षीय रामजतन पनिका की बीती रात अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी, घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी अभिषेक पैकरा, जयनगर पुलिस एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू की है।

- जेल से सजा काटने के बाद एक वर्ष पूर्व ही गांव में रहने आया था मृतक, जमीन विवाद पर हत्या की आशंका

मृतक रामजतन पनिका पिता पीतांबर पनिका, निवासी खालपारा, जमदेई, करीब आठ वर्ष पूर्व अपनी मां, पत्नी और बच्चे की हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध रहा और करीब एक वर्ष पूर्व रिहा हुआ था। बताया गया कि वह घटना के समय घर पर अकेला था। पुलिस ने घर के बाहर बरामदे से खून से सना शव बरामद कर पंचनामा कार्रवाई की है। मृतक के शरीर में धारदार हथियार से हमला किए जाने की बात सामने आई है। हत्या के कारणों को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है प्रारंभिक तौर पर जमीन विवाद की आशंका बताई जा रही है।



### जमीन पर निर्माण को लेकर विवाद

स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक अपने घर के समीप वर्तमान में पक्के मकान का निर्माण करा रहा था,प्राप्त जानकारी अनुसार जिस भूमि पर निर्माण किया जा रहा था,उसे मृतक पहले ही बेच चुका था। बावजूद इसके कब्जा नहीं छोड़ते हुए उसी भूमि में निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसे विवाद की मुख्य जड़ बताया जा रहा है। जांच के दौरान डॉग स्क्वायड मृतक के घर के आसपास घूमने के बाद कुछ दूरी पर स्थित कॉलरीकर्मी नवल दास के घर तक पहुंचा, इसके बाद पुलिस ने संदेही नवल दास को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। जयनगर पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी है।

# पुल के समीप घायल मिले युवक की मौत परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

**अम्बिकापुर/सेदम।** एनएच 43 शांतिपारा पुलिया के समीप घायल हालत में मिले युवक की मौत हो गई। परिजन ने हत्या करने का आरोप लगाया है। इधर मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 6 बजे डायल 112 में तैनात पुलिसकर्मियों ने गुजरते समय शांतिपारा पुल के पास आरा सिलमा निवासी लालचंद प्रजापति उर्फ गौतम (34 वर्ष) को गिरे हालत में देखा। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची तो पर पाया कि युवक गंभीर रूप से घायल है और उसकी सांस चल रही थी। पुलिस कर्मियों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक की मौत हो चुकी थी। अस्पताल में तैनात चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर फैलते ही गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल निर्मित हो गया। जिस पर शव को रातभर पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया तथा परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने इस मौत को दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए हत्या का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विवेक सेंगर ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। परिजन द्वारा लगाए जा रहे आरोप को ध्यान में रखते हुए संबंधित लोगों से पूछताछ की गई है। इधर पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक डॉ. गणेश बेक के अनुसार मृतक के सिर में दो स्थानों पर चोट के निशान पाए गए हैं। प्रारंभिक चिकित्सकीय परीक्षण में किसी प्रकार की मारपीट से मृत्यु की पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस ने भी प्रथम दृष्टया दुर्घटना होने की आशंका जताई है। युवक की मौत दुर्घटना या हत्या है यह तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# विद्युत विस्तार की मांग लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ

**बिहारपुर।** क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांवों में विद्युत विस्तार की मांग लेकर सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं करौटी ए के सरपंच गजमोहन सिंह के नेतृत्व में सोमवार को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने तहसील कार्यालय मैदान में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की शुरूआत की।

- शामिल हुए प्रभावित पंचायतों के सरपंच, पंच




धरना-प्रदर्शन प्रारंभ करने के पूर्व सरपंच संघ के अध्यक्ष गजमोहन सिंह एवं अन्य सरपंचों ने शासन-प्रशासन की उपेक्षा, विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सर्वे के नाम पर की जा रही खानापूर्ति एवं क्षेत्रवासियों की समस्याओं से अवगत कराया तथा विद्युत विस्तार के लिए आंदोलन में अतिरिक्त कोई दूसरा विकल्प नहीं होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही क्षेत्रवासी विद्युत विस्तार सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की बाट जोह रहे है। इस संबंध में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया लेकिन किसी ने भी इस बड़ी समस्या के निराकरण पर ध्यान नहीं दिया। अब प्रभावित गांवों में विद्युत विस्तार शुरू होने के बाद ही आंदोलन समाप्त होगा। अपनी मांग को शासन तक पहुंचाने के लिए सभी की एकता जरूरी है। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मांग पूरी होने तक आंदोलन में भागीदारी करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सरपंच रनसाय पैकरा, रामलाल पण्डो, बासमती खैरबार, जयकुंवर सिंह, मानकुंवर, बहादुर सिंह, भुवन सिंह सहित अन्य सरपंच, पंच, सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 812. कु. रुचिका शर्मा पिता\पति निरिश कुमार शर्मा पता- मेकाहारा रायपुर, 813. दीपक बावने पिता\पति श्याम बावने पता- प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर, 814. पल्लवी सिन्हा पिता\पति योगेश सिन्हा पता- कुशालपुर रायपुर, 815. कौशल्या तिवारी पिता\पति स्व.श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी पता- आमापारा रायपुर, 816. सरिता पाल पिता\पति बिरबल पाल पता- संतोषी नगर रायपुर, 817. आरव रात्रे पिता\पति रामेश्वर रात्रे पता- सड्डू रायपुर, 818. ब्यास नारायण वर्मा पिता\पति स्व.राम लाल वर्मा पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 819. अराफत खान पिता\पति अफसर खान पता- देवी सरस्वती नर्सिंग होम बीएसयूपी सद्दू कॉलोनी, 820. अनामिका देवांगन पिता\पति पोषण कुमार देवांगन पता- संतोषी नगर प्रगति विहार कॉलोनी टिकरापारा, 821. राजेश कुमार यादव पिता\पति स्व. श्याम कुमार यादव पता- मठपारा गणेश चौक रायपुर, 822. मनोरमा तारक पिता\पति ग्वाल तारक पता- तर्रा सुरसाबांधा, 823. परमेश्वर साहू पिता\पति गया राम साहू पता- रांकाडीह, 824. संगीता नागदेव पिता\पति प्रीतम दास पता- नयापारा वार्ड न.32 बजरंग चौक धमतरी, 825. रमेश कुमार दासरवार पिता\पति शंकर स्वामी दासरवार पता- श्री नगर राधा स्वामी सत्संग रुद्री, 826. कांति साहू पिता\पति मान दास साहू पता- लक्ष्मी नगर, 827. अशोक राजपूत पिता\पति ताराचंद राजपूत पता- डोंगरगांव, 828. दिग्विजय कुमार नेताम पिता\पति शिव लाल नेताम पता- ग्राम काफामार पोस्ट गेंदाटोला तह. छुरिया, 829. वर्षाजली श्रीवास्तव पिता\पति देवेन्द्र श्रीवास्तव पता- जगदलपुर, 830. चन्द्रप्रभा कनौजे पिता\पति सीता राम कनौजे पता- महासमुंद, 831. विजय कुमार देवांगन पिता\पति खोरबाहरा देवांगन पता- सिचाई कॉलोनी कवर्धा, 832. लक्ष्मी चन्द्र पिता\पति स्व.छत्रपाल चंद्रा पता-LIG-11 H.B कॉलोनी जोराताल, 833. विनोद कुमार वर्मा पिता\पति केदार नाथ वर्मा पता- प्रगति विहार पंचशील नगर बलौदाबाजार, 834. वंशिका साहू पिता\पति डिशेन कुमार साहू पता- ग्राम भैसा जिला रायपुर, 835. सुषमा साहू पिता\पति विनोद कुमार साहू पता- रिसदा, 836. शैलेन्द्र यादव पिता\पति भोला राम यादव पता- एस.पी.अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 837. युवराज कुमार देवांगन पिता\पति ह्रदय लाल देवांगन पता- प्लाट न.- 65 श्याम नगर अटल आवास के पास भिलाई, 838. मेधांश पिता\पति अनिल गंगभोज पता- वार्ड न.-01 बनगांव पंचायत समिति, 839. दामिनी साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- CONTRACTORE कॉलोनी सुपेला भिलाई, 840. अश्वनी एवस जोगे पिता\पति श्याम राव जोगे पता- 608 वार्ड 6 सिधिया नगर दुर्ग, 841. रेणुका देवांगन पिता\पति दुलेश देवांगन पता- निकुम भिलाई दुर्ग, 842. सुषमा कुर्वे पिता\पति रमेश कुर्वे पता- S.I.F कॉलोनी L.I.G 35 बघेरा दुर्ग, 843. नारायण प्रसाद देशमुख पिता\पति एमन कुमार देशमुख पता- बमलेश्वरी कॉलोनी बोरसी, 844. शकुन पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 845. श्रवण कुमार अन्सारे पिता\पति चंद्रभान पता- 77 रामनगर सुपेला भिलाई, 846. शुभांगी देवांगन पिता\पति सतीश देवांगन पता- सड़क न.- 01 कसारीडीह दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 847. तुरवी चौहान पिता/पति धनेश्वर लाल चौहान पता- कोरबा, 848. भव्या साहू पिता/पति बुधेशवर साहू पता- रायपुरा जंजगीर बालको, 849. उमेश तंबोली पिता/पति इंद्रा मार्केट पोड़िमार बालको, 850. काव्या कंवर पिता/पति सुशील कुमार पता- बालको, 851. लेविना साहू पिता/पति युगल किशोर साहू पता- धरदाई, 852. कल्पना गयाकवारड़ पिता/पति अमृत मोंडे पता- कोरबा, 853. पुष्पा यादव पिता/पति डोरी लाल यादव पता- मदरपारा, 854. कृतार्थ यादव पिता/पति दिलीप यादव पता- कोरबा, 855. चाहत दास पिता/पति निर्मल दास पता- बालको नगर, 856. ज्योति बरेठ पिता/पति यादव मोहला करिती पता- बालको, 857. आध्या श्रीवास पिता/पति नागेंद्र श्रीवास पता- निहारिका एल.ई.जी.-142, 858. विकास साहू पिता/पति फिरत राम साहू पता- संजय नगर गुप्ता गली कोरबा, 859. वीरेंद्र कुमार कुर्रे पिता/पति श्याम लाल कुर्रे पता- धमना मुड़ी, 860. गौतम पांडे पिता/पति चंद्रशेखर पांडे पता- दरदारखुर्द कोरबा, 861. राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी पिता/पति गुहारम सूर्यवंशी पता- परसाभाठा बालको, 862. योगेश बारीक पिता/पति भिखारी चरण बारीख पता- शारदा विहार कोरबा, 863. किशन कुमार गायकवार्ड पिता/पति देवगिरी गायकवार्ड पता- केदु विहार कोरबा, 864. दीक्षांत सिंह भारद्वाज पिता/पति रवींद्र कुमार भारद्वाज पता- होउसिंग बोर्ड बालको, 865. अंशु तिर्की पिता/पति भजन राम तिर्की पता- वार्ड- 40 नेहरू नगर बालको, 866. केशव प्रसाद यादव पिता/पति नन्द लाल यादव पता- गेवरा घाट कोरबा, 867. सोनम जैसवाल पिता/पति मनोज जैसवाल पता- नेहरू नगर बालको, 868. भगवान सिंह पिता/पति रामनरेश सिंह पता- रिंग रोड बालको, 869. मनोज कुमार श्रीवास पिता/पति जगदीश प्रसाद पता- लक्ष्मण बन तालाब नई बस्ती, **भोपाल संस्करण-** 870. मान्या प्रजापति पिता\पति रंजीत प्रजापति पता- जगदीशपुर इस्लामनगर, 871. कनक मीणा पिता\पति राजेन्द्र सिंह मीणा पता- 45 जय नगर कॉलोनी, 872. युवांश बैरागी पता- राम मंदिर के पास करोद भोपाल, 873. रवि साहु पिता\पति मदनलाल साहु पता- मकान नं 53 कपिला नगर करोद, 874. वेदांश यादव पिता\पति सुरेन्द्र सिंह यादव पता- मकान नं.116 फेस-2 पारस नगर करोद, 875. राम सिंह राजपूत पिता\पति- रामसिंह राजपूतबने सिंह राजपूत पता- नजीराबाद भोपाल, 876. पूजा पिता\पति सत्यदेव द्विवेदी पता- करोद भोपाल, 877. मानशी पिता\पति शंकादीन बढ़ई पता- एच.न 121 जनता नगर फेस-3 करोद, 878. दक्ष विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप कुमार विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण-** 879. अर्चिता पांडेय पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- वार्ड नंबर 4 निगवानी रोड कोतमा, 880. महिमा शर्मा पिता\पति मुकेश शर्मा पता- मेंन रोड कोतमा, 881. हर्ष कुमार नामदेव पिता\पति अखिलेश नामदेव पता- विकास नगर वार्ड नंबर 10 कोतमा, 882. अनुराग चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मझौली वार्ड नंबर 16 पंडित मोहल्ला कोतमा, 883. प्राजली चौबे पिता\पति राजकुमार चौबे पता- मेंन रोड कोतमा, 884. अक्षय गौतम पिता\पति जितेंद्र कुमार गौतम पता- विकास नगर वार्ड क्रमांक 9 कोतमा, 885. अनुमति नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पाटन, 886. रिद्धि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- शिवनगर वार्ड नंबर 90 गढ़ा जबलपुर, 887. अरुण कुमार दुबे पिता\पति स्व बैजनाथ पता- दुबे 362 दुर्गा कॉलोनी घमापुर, 888. अर्पित जैन पिता\पति ऋषभ कुमार जैन पता- जगमोहन दास वार्ड कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## सामाजिक संगठनों में आक्रोश

# बूचड़खाना ले जा रहे मवेशियों से भरा पिकअप पलटा, 4 गायों की मौत



घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ व मृत मवेशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सेदम

**खास बात**

- पुलिसिया कार्रवाई पर उठाए सवाल

बतौली क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर में आज तड़के मवेशियों से भरा पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में पिकअप में भरे 9 मवेशियों में से चार मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मवेशी तस्कर मौके से फरार हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर हिन्दू संगठन गायों को वाहन से बाहर निकाल सेवा में लगे रहे तथा पुलिस की उदासीन रवैया को लेकर भारी आक्रोशित है।

जिले में गौ तस्करी नई बात नहीं है कई वर्षों से लगातार तस्कर अंबिकापुर बतौली बगीचा मार्ग से होते हुए पिकअप में मवेशियों को ठूस ठूस कर कर अंतर्राज्यीय तस्करी कर पुलिस प्रशासन के नाक के पशु क्रूरता अधिनियम की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे है। आज भी तड़के 3 बजे राज्य राजमार्ग 43 ग्राम बिलासपुर पुलिया के समीप बालगोविंद यादव के घर के सामने खराब सड़क में तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 4247 खराब सड़क के गड्ढे भरने गिट्टी चुरा से टकराकर पिकअप खेत में पलटी गई। वाहन के पलटने की आवाज सुन बालगोविंद यादव निकल कर बाहर देखे तो वाहन से गायों की आवाज सुनकर मौके पर गए तो वाहन में 9 गायों को ठुस ठुस कर बांध कर भरा हुआ था जबकि चालक मौके से फरार हो चुका था। इधर घटना की खबर हिन्दू संगठन सहित ग्रामीणों को लगी तो सभी मौके पर पहुंच वाहन से गायों को निकाल सेवा में लगे रहे। कड़ाके की ठंड और तस्करों की क्रूरता का शिकार 4 गायों की मौत हो गई जबकि 5 गाय सुरक्षित है । घटना की सूचना पर बतौली पुलिस भी मौके पर पहुंच कर वाहन जब्त कर थाने ले आई है। बजरंग दल के मोनू तिवारी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को राजसात करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द ही की जाए ताकि गायों पर हो रही अत्याचार को रोका जा सके।

इस संबंध में सीतापुर एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। वाहन को राजसात कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा साथ ही तस्करों को रोकने पुलिस द्वारा कड़ी करवाई की जाएगी

## दो पशु तस्करों को किया गया गिरफ्तार



**बलरामपुर।** पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे दो अन्य तस्करों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है जबकि अबतक इस मामले में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि 17 जुलाई को सेमरसोत जंगल एवं दलधोवा में गौवंशीय पशुओं को तस्करों के कब्जे से बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरांत 8 आरोपियों को अबतक गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं अब पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे मुख्य तस्कर सरगना झारखंड के गढ़वा रंका अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी मनोज भुईहर आ. प्रसाद राम व पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम कंडा निवासी प्रदीप सदोम आ. माधव सदोम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को धारा 4, 6, 10 पशु परिरक्षण अधिनियम, 11(1)(घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से उनि किरणेश्वर प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक शिपक शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, श्रीनाथ सिंह, आरक्षक सूरज मरावी, दलसाय, कवीन्द्र राय, बिंदु यादव सक्रिय रहे।



## भाजपा किसान मोर्चा ने की कृषि एवं सहकारी मंत्री से भेंट

**सीतापुर।** धान खरीदी के दौरान किसानों को होने वाली तकनीकी दिक्कतों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात की। इस दौरान किसान मोर्चा ने मंत्रीद्वय से धान खरीदी का लिमिट बढ़ाने एवं टोकन कटने में आ रही दिक्कतों एवं तकनीकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं जनपद उपाध्यक्ष सीतापुर अनिल अग्रवाल ने बताया कि चर्चा के दौरान मंत्रीद्वय ने किसानों को होने वाली परेशानियों को गंभीरता से लिया। उन्होंने चर्चा के दौरान ही संबंधित किसानों को धान बिक्री में होने वाली परेशानियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। मंत्री द्वय के आदेश के बाद संबंधित अधिकारियों ने टोकन लिमिट समय खत्म करने संबंधी आदेश भी जारी कर दिए। इस आदेश के तहत किसानों को अब टोकन कटवाने के लिए मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर अनिल चंदेल, कमलेश सिंह ठाकुर राजेश शुक्ला सहित भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ई-केवाईसी नहीं होने से नपं के 1326 हितग्राहियों के राशन कार्ड हुए बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- वार्ड पार्षद ने खाद्य अधिकारी को दिया ज्ञापन, पुन: ई केवाईसी के लिए विशेष शिविर लगाने की मांग

डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू की गई ई-केवाईसी प्रक्रिया अब बिश्रामपुर नगर पंचायत के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए परेशानी और भूख की वजह बनती जा रही है,नगर पंचायत बिश्रामपुर क्षेत्र में केवल ई-केवाईसी पूरी न होने के कारण करीब 1326 परिवारों के राशन कार्ड बंद कर दिए गए हैं। इससे सैकड़ों परिवारों को मिलने वाला सस्ता अनाज अचानक बंद हो गया है और वे राशन दुकानों,नगर पंचायत कार्यालय और अधिकारियों के चक्कर काटने को विवश हैं। इस मामले में नपं बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद संजीत यादव ने खाद्य अधिकारी सूरजपुर को एक ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल राहत दिलाये जाने की मांग की है,पार्षद संजीत यादव ने बताया कि वर्तमान में बड़ी संख्या में हितग्राही जब राशन लेने दुकान पहुंच रहे हैं तो दुकानदार उनका कार्ड ई-केवाईसी नहीं होने से कार्ड बंद होने की बात कहकर सम्बंधितों को लौटा दिया जा रहा है, लेकिन जब परेशान उपभोक्ता नगर पंचायत कार्यालय पहुंचते हैं,जब वहां राशन कार्ड नंबर पोर्टल में डाला जाता है तो कार्ड एक्टिव बताया जाता है। इसके बाद उपभोक्ताओं को पुनः राशन दुकानदारों के पास भेज दिया जाता है। इस पूरे मामले में जिम्मेदारी तय न होने के कारण आम नागरिक दर दर भटक रहा है। पार्षद ने बताया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया में कई व्यवहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं जिसमें वृद्धजनों के फिंगरप्रिंट का मिलान नहीं होना, सर्वर बार-बार डाउन रहना, इंटरनेट की कमजोर सुविधा, आधार प्रमाणीकरण में त्रुटि,तकनीकी जानकारी का अभाव के कारणों से बड़ी संख्या में लोग समय रहते ई-केवाईसी नहीं करा सके और उनका राशन कार्ड निष्क्रिय कर दिया गया है। अचानक कार्ड बंद होने से दिहाड़ी मजदूर, वृद्ध, विधवा, दिव्यांग और निम्न आय वर्ग के परिवारों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। पार्षद संजीत यादव ने स्पष्ट किया कि प्रभावित हितग्राही ई-केवाईसी कराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं यदि प्रशासन द्वारा पुनः समय-सीमा तय की जाती है और स्थानीय स्तर पर सुविधा उपलब्ध कराई जाती है तो लोग प्रक्रिया पूर्ण करा सकते हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि ई-केवाईसी के कारण निरस्त किए गए सभी 1326 राशन कार्ड पुनः सक्रिय किए जाएं। ई-केवाईसी के लिए नई तिथि घोषित कर विशेष शिविर लगाए जाएं, वृद्ध, दिव्यांग व तकनीकी रूप से असमर्थ हितग्राहियों के लिए वैकल्पिक प्रमाणीकरण व्यवस्था की जाए,यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र परिवार मूलभूत खाद्यान्न योजना से वंचित न रहे।

## सेवानिवृत्ति के बाद भी कम्पनी आवास पर अवैध कब्जा

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में सेवानिवृत्ति के बाद भी कंपनी के आवासीय क्वार्टरों पर अनाधिकृत रूप से कब्जा किये हुए 15 पूर्व कोल कर्मचारियों को संपदा अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। प्रबंधन सूत्रों के अनुसार ये सभी कर्मचारी लंबे समय पूर्व ही ड्यूटी से सेवानिवृत्त हो चुके हैं,बावजूद इसके अब तक उन्होंने क्वार्टर को कंपनी प्रबंधन के सुपुर्द नहीं किया है, कई बार मौखिक समझाइश, सूचना पत्र और अनुरोध के बाद भी जब कोई परिणाम नहीं निकला, तब प्रबंधन ने सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। गौरतलब है कि एसईसीएल के आवासीय नियमों के तहत सेवानिवृत्ति के बाद निर्धारित अवधि में क्वार्टर खाली करना अनिवार्य बताया गया है। सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा क्वार्टर खाली नहीं किए जाने का सीधा असर वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों पर पड़ रहा है।

## विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रीय स्तरीय बैठक

**अनूपपुर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित राष्टीय स्तरीय मार्गदर्शक मंडल बैठक संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से संत-महात्मा, धमाचार्य एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आदिवासी अंचल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उभरती धार्मिक व सामाजिक चुनौतियों पर विचार करते हुए सनातन धर्म, मठ-मंदिर व्यवस्था एवं हिंदू समाज को वर्तमान समय के अनुरूप सही दिशा प्रदान करना रहा।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार सोनी पिता अम्बिका प्रसाद सोनी निवासी नवापारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 1898/15, 1899/17 रकबा 0.010, 0.002 हे. भूमि को अनावेदक दीपक कुमार बोस पिता प्रभाष चन्द्र बोस निवासी डी.सी. रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राषि रूपये 37,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 31.12.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक-01/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**








































# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष




प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान


परामर्श कक्ष






# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप



### विकासखंड की विभिन्न प्राथमिक शालाओं के बच्चों को बांटे गए स्वेटर

**भैयाथान।** प्रकाश इंडस्ट्रीज कोल माइंस द्वारा विकासखंड की 40 प्राथमिक शालाओं के लगभग 12 सौ छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए भास्करपारा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज कोल माइंस के डायरेक्टर एके चतुर्वेदी के निर्देश पर यह पहल की गई है, जिसके तहत विकासखंड की विभिन्न प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत प्राथमिक शाला खाड़ापारा, दानौली, केवरा भैयाथान एवं बप्पा शाला खाड़ापारा में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण कर की गई। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने कोल माइंस के इस जनहितकारी कार्य के लिए प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक दायित्व निभाने से जरूरतमंद बच्चों को सीधा लाभ मिलता है। इस दौरान कोल माइंस की ओर से डी पात्रा, विजय यादव, पीके सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी फूलसाय मराबी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह तथा जन शिक्षक प्रमोद दुबे उपस्थित रहे।

### छात्र हित से जुडी समस्याओं को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में छात्र छात्राओं को होने वाली समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने कुलपति प्रो. राजेन्द्र लकपाले से मुलाकात की। इस दौरान युवा कांग्रेस ने बताया कि प्राइवेट परीक्षा देने वाले बहुत से छात्र आवेदन नहीं कर सके है इसके लिए परीक्षा के आवेदन हेतु समय सीमा बढ़ाई जाए। विश्वविद्यालय में छात्र सहायता एंड्रायड ऐप बनाया जाए जिससे छात्रों को समस्त जानकारी वन क्लिक से मिल सके इसके साथ ही एप में ऑनलाइन आवेदन भरने की व्यवस्था हो। छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए भकुरा में पुलिस चौकी, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाए जिससे अगर कोई स्थिति बनती है तो तुरंत उपचार और कार्रवाई हो सके। हिमांशु ने बताया कि अगर विश्वविद्यालय के गलती से छात्र को विश्वविद्यालय में भटकना पड़ा तो उनके आने जाने का ट्रैवलिंग अलाउंस भी विश्वविद्यालय को देना होगा। इन सब मांगो को विचार करते हुए कुलपति ने छात्रहित में जल्द पूरे करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुरेंद्र गुप्ता, आयुष गुप्ता, कृष्ण यादव, प्रमोद जायसवाल, सत्यम यादव, अभिनव काशी आदि उपस्थित थे।

### विधिक साक्षरता शिविर ग्रामीणों को दी गई कानूनों की जानकारी



**रामानुजगंज।** ग्राम पंचायत महावीगंज में आज विशाल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं अन्य न्यायधीशों व अधिवक्ताओं द्वारा ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत कृषि स्थाई समिति रामचंद्रपुर राजकुमार यादव, थाना प्रभारी अश्विनी सिंह, सरपंच श्रीमती निर्मला सिंह, उप सरपंच श्रीमती मालती नागवंशी, सचिव रामप्रीत सिंह, रामपुकार यादव, पंच माखन नागवंशी, आनंद यादव, परमानंद ठाकुर, मनोहर यादव, इंतेखाब अंसारी, गनू रवि, नरेश भगत, रामलखन पटेल, शिवनाथ सिंह, सुदर्शन प्रजापति, पारसनाथ प्रजापति, शिवदास सिंह, विद्यासागर सिंह, बासदेव सिंह, अमरनाथ सिंह, जगन्नाथ सिंह, बादेव प्रजापति, जयराम प्रजापति, सुभान अंसारी, मोकरम अंसारी, लुकमान अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और शिविर का लाभ उठाए।

### नपं के विकास कार्य के लिए मिली 235 लाख की स्वीकृति

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के प्रयास से कुसमी नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य हेतु 235.04 लाख रुपए राशि की नगरीय प्रशासन रायपुर से प्राप्त हुई है। विधायक ने नगर पंचायत के विकास कार्य के लिए प्रस्ताव पारित कर रायपुर मंत्रालय में राशि स्वीकृति प्रदान कराने की मांग भिजवाई थी।



इसी प्रकार पूर्व में भी लवकशपुर नदी में करोड़ों रुपए की राशि से डायवर्सन बांध, चांदो में भूपका जलाशय योजना, रातसिली ग्राम पंचायत अंतर्गत पूर्व में बने हुए अधूरे बांध की करोड़ों रुपए की राशि दिलाने की स्वीकृति सहित चांदो कंठी घाट में सड़क निर्माण कार्य, सामरी से चरहट मार्ग में 7 करोड़ की सीसी सड़क निर्माण सहित आदिवासी सुदूर अंचल में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत पक्की सड़क निर्माण सहित पुल पुलिया के निर्माण, छात्रावास निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान कराने में सामरी विधायक ने क्षेत्र के लिए सराहनीय भूमिका निभाई गई है।

## बनने के बाद ही उखड़ रही सड़क, 84 करोड़ की लागत से बन रही सड़क

# पांच साल बाद भी पूर्ण नहीं हो सकी प्रतापपुर-राजपुर की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर-राजपुर मार्ग पर चल रहे पीडब्ल्यूडी विभाग का सड़क और नाली निर्माण में गुणवत्ता को दरकिनार कर किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है पांच साल से बन रहे सड़क निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो सकी।आलम यह है कि सड़क व नाली निर्माण के कछुआ गति से चल रहे कार्य अब राहगीर समेत क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। गुणवत्ताहीन निर्माण से जहां बनने के बाद ही सड़क उखड़ने लगी है तो कई जगह भारी वाहनों के आने जाने नवनिर्मित सड़क पर ही गड्ढे हो गए है। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार के ध्यान नहीं देने से इसका खामियाजा राहगीर समेत क्षेत्र वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बात**

- घटिया सड़क और नाली निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश

प्रतापपुर-राजपुर के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा की स्वीकृति के बाद से ठेकेदार द्वारा करोड़ों की लागत से टू लेन सड़क निर्माण कराया जा रहा है। 84 करोड़ की लागत से बन रही सड़क निर्माण बड़े ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। 28 किलो मीटर की सड़क निर्माण शुरू हुए पांच साल होने को बावजूद इसके आज तक पूर्ण नहीं सकी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल ने इस सड़क मार्ग पर हो रहे निर्माण पर सवाल उठाया है। उन्होंने बताया कि सड़क अभी पूरी तरह से बनकर तैयार भी नहीं हुई और 5 वर्षों से बन रही है। सड़क बनते के साथ उखाड़ना शुरू हो गया है जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। बीच-बीच में पेंच रिपेयरिंग का कार्य भी चल रहा है जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि करोड़ों की लागत से बन रही प्रतापपुर से राजपुर सड़क निर्माण गुणवत्ता पर कितना ध्यान दिया जा रहा है। सड़क में मोटा ढलाई कंक्रीट सड़क का निर्माण हुआ है और डामरीकरण का भी काम चल रहा है। बावजूद इसके सड़क निर्माण आज तक पूरा नहीं हो सका और जगह-जगह सड़क दब गया है और गई जगह टूट गई है। इतना ही नहीं सड़क गुणवत्ता की जांच करने विभागीय अधिकारी या इंजीनियर साइट पर मौजूद नहीं होते ऐसे में ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से गुणवत्ता को दरकिनार कर सड़क और नाली निर्माण करा रहे है। जबकि पीडब्ल्यूडी के नियमानुसार, हर निर्माण स्थल पर तकनीकी निरीक्षण, कार्य डायरी, गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण और इंजीनियर की उपस्थिति अनिवार्य होती है, लेकिन यहां इन सभी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसे में सड़क और नाली कितना टिकाऊ होगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



निर्माणाधीन आधी-अधूरी सड़क।

**सड़क की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल**

प्रतापपुर-राजपुर सड़क की सबसे बड़ी खास बात यह है कि आधा सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग सूरजपुर में आता है जबकि आधा सड़क बलरामपुर रामानुजगंज डिवीजन में आता है। जिसके वजह से सड़क के गुणवत्ता को लेकर सवाल उठता है। हालांकि पूरे सड़क निर्माण को बलरामपुर जिले से पीडब्ल्यूडी अधिकारी संचालित करते हैं। अधिकारियों की सांठगांठ पर ठेकेदार की मनमानी के वजह से सड़क की हालत बद से बत्तर हो गई है।

**छोटी पुलिया का कार्य नहीं हुआ शुरू**

राजपुर रोड के कई हिस्सों पर प्रस्तावित छोटी पुलिया का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। जबकि यह पुलिया जल निकासी और सड़क की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक थीं। बिना पुलियों के बारिश का पानी नालियों में समुचित रूप से नहीं बह सकेगा। ऐसे में आने वाले दिनों में सड़क किनारे कटाव और धंसाव की समस्या बढ़ेगी, भारी बारिश के दौरान जलभराव से आमजन को भारी परेशानी और दुर्घटनाओं का खतरा अधिक होगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह निर्माण कार्य पिछले पांच वर्षों से चल रहा है, लेकिन आज तक न पूर्णता की कोई उम्मीद दिख रही है और न ही निर्माण की गुणवत्ता में कोई सुधार हुआ है।

**कराई जाएगी जांच**

घटिया सड़क निर्माण कराने पर विभागीय अधिकारियों से जवाब तलब की जाएगी, साथ ही जांच के आदेश दिए जाएंगे। गुणवत्ता सही नहीं पाए जाने पर जांच कार्रवाई करने के लिए निर्देशित करती हूं।
-**ललिता भगत**, एसडीएम प्रतापपुर



## डीएवी स्कूल में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,उत्कृष्टता केन्द्र भुनेश्वर, उड़ीसा के तत्वावधान में शनिवार को स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचा 2023 विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आयोजक डीएवी स्कूल बिश्रामपुर, डीएवी भटगांव, पांडवपारा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जमड़ी, ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल अंबिकापुर, कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल अंग्रेजी माध्यम बिश्रामपुर, साधुराम विद्यामंदिर सूरजपुर एवं माउंट लिटरा स्कूल के विविध विषयों के 55 अध्यापक-अध्यापिकाएं कार्यशाला में सम्मिलित होकर लाभान्वित हुए।

- विभिन्न स्कूलों से अलग-अलग विषयों के 55 अध्यापक-अध्यापिकाएं कार्यशाला में सम्मिलित होकर हुए लाभान्वित

इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा को अधिक समावेशी, लचीला, व्यावहारिक और बाल-केंद्रित बना कर विद्यार्थियों को रचनात्मक, आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित करना है। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा प्रकाश कुमार गुप्ता, समन्वयक एचिवर्स पब्लिक स्कूल बिलासपुर व शर्मिला मुखर्जी, पीजीटी हाट्र्स एजुकेशनल एकेडमी रायपुर को सैंपलिंग प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। कार्यशाला के वेन्यू डायरेक्टर अनामिका भारती ने रिसोर्स परसन एवं कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं का हार्दिक स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार, बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास अत्यावश्यक है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचा 2023 में रटंत विद्या प्रणाली की बजाय समझ-आ धा रि त , गतिविधिपरक और अनुभवात्मक शिक्षा पर विशेष ज़ोर दिया गया है। ऐसी कार्यशाला से शिक्षकों में विविध कौशलों के विकास के साथ- साथ तकनीकी ज्ञान भी विकसित होता है। कार्यशाला के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों की वास्तविक समझ और कौशल का आकलन, जीवन कौशल, नैतिक मूल्य, विषय चयन की स्वतंत्रता आदि बिंदुओं पर ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी जानकारियां प्रदान की। उन्होंने विषयगत शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान कर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान एवं कौशलों को कक्षा में व्यावहारिक रूप देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार वरिष्ठ अध्यापक एलके दास ने किया।

## आरएसएस का गोधनपुर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरएसएस के कार्यों के सम्मान में गोधनपुर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, पुरूष शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता संघ के विभाग प्रचारक हेमन्त नाग ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भी श्री नाग थे।

रविवार को गोधनपुर के योगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में इस वृहद हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मां सरस्वती देवी एवं प्रभु श्रीराम व हनुमान जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ उपरांत संघ के विभाग प्रचारक हेमंत नाग ने वहा उपस्थित लोगों को संबोधित किया। श्री नाग ने कहा कि आज हिन्दू समुदाय को अपनी,अपनी आने वाली पीढ़ी व अपने धर्म को बचाए रखने के लिए आगे आना होगा। अब समय है हिन्दू समाज को जागृत होने का। हम, हमारा हिन्दू समाज पहले क्या था और आज हम क्या हो गए हैं, इसकी गहन समीक्षा की आवश्यकता है। हिन्दू को स्वयं जागृत होकर दूसरों को भी जागृत करना होगा। हम यदि अब भी समय रहते नहीं सचेत हुए तो आने वाला हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं नजर आ रहा है। कार्यक्रम में गोधनपुर में निवासरत हर समाज के बुजुर्गों का सम्मान किया गया। विभिन्न समाज की ओर से जगनारायण गुप्ता, बच्चा सिंह, अजय तिवारी, मातृशक्ति से सुमन द्विवेदी, चांददेव विश्वकर्मा आदि का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। मंच पर उपस्थित अतिथियों के परिचय एवं संक्षिप्त उद्बोधन पश्चात अजय तिवारी ने कहा अब हिन्दू परिवार को संगठित रहना होगा। मातृशक्ति से श्रीमती सुमन द्विवेदी ने परिवार में संस्कार की बुनियाद में माताओं एवं बहनों के योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। जगनारायण गुप्ता ने कहा यह सम्मेलन का सार्थक आयोजन है। समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। कार्यक्रम पश्चात सम्मेलन में उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण किया गया, साथ ही सहभोज के आयोजन में सभी उपस्थित जन शामिल हुए।

**बैनर पोस्टर से पटा वार्ड**

हिन्दू सम्मेलन के आयोजन में वार्ड को बैनर पोस्टर से पाट दिया गया था। जगह-जगह झंडी एवं स्वागतम गेट लगाए गए थे। हिन्दू सम्मेलन में आगंतुको का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। सम्मेलन के इस वृहद आयोजन में अभय पालोलकर, पार्षद शिवमंगल सिंह, माधवेन्द्र सिंह, गोधनपुर शाखा कार्यवाहक अजय जायसवाल, बस्ती प्रमुख गुरू चरण सिंह, पालक श्रीरंजन खैरपाण्डे, चरण सिंह सैनी, शिव गुप्ता, शुभम तिवारी, हैप्पी सिंह, अर्नव सिंह, मनोज पासवान एवं रविकांत सिंह सहित बड़ी संख्या में आरएसएस से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## पीएम आवास में प्रगति कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के शीघ्र एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। योजना की प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन प्रत्येक हितग्राही से सीधे संवाद कर रहा है। इसी क्रम में गत दिवस कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिलेभर के सरपंचों, सचिवों एवं तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की थी तथा सभी अधिकारियों को हितग्राहियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए थे।

निर्देशों के पालन में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने विकासखंड बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरिया का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की तथा उन्हें शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. चतुर्वेदी ने उन हितग्राहियों से भी संवाद किया, जिन्हें योजनांतर्गत राशि प्राप्त हो चुकी है, परंतु आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया है। उन्होंने ऐसे हितग्राहियों को अनावश्यक टालमटोल एवं लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि समयबद्ध आवास निर्माण न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने हितग्राहियों को समझाइश दी कि समय पर मकान निर्माण कर योजना का पूर्ण लाभ उठाएं और सुरक्षित एवं सुखद जीवन व्यतीत करें। भ्रमण के दौरान जिला एवं जनपद स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निमार्णाधीन आवासों की निरंतर मॉनिटरिंग करने तथा कार्य में गति लाने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## कार्यशाला में न्यायाधीश ने दी अपराधों की विधिवत विवेचना एवं साक्ष्य संकलन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अपराध विवेचना की गुणवत्ता बढ़ाने और साक्ष्य संकलन को मजबूत करते हुए आरोपियों को सजा दिलाने को लेकर जिला पंचायत के सभाकक्ष में बीएनएस, बीएनएसएस, एनडीपीएस एक्ट व पाक्सो एक्ट की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर की उपस्थिति में किया गया।

- अपराध विवेचना की गुणवत्ता बढ़ाने हुआ एक दिवसीय कार्यशाला

कार्यशाला में न्यायाधीश द्वारा नवीन कानूनों, प्रमुख धाराओं और कानूनी प्रक्रियाओं की बारीकियों से पुलिस अधिकारी व विवेचकों को अवगत कराया गया। कार्यशाला में विवेचकों द्वारा विवेचना से जुड़े प्रश्नों का समाधान न्यायाधीश द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर ने कहा कि अपराध की विवेचना में त्रुटियां न हो यह सुनिश्चित करने यह कार्यशाला उपयोगी साबित होगी, विवेचकों में विवेचना के प्रति ज्ञान बढ़ेगा और पीड़ितों को न्याय व आरोपियों को सजा दिलाने में कारगर साबित होगा। उन्होंने विवेचना में एफआईआर से लेकर चालान पेश करने तक क्या-क्या कार्रवाई सुनिश्चित की जानी है, खामियां कहा होती है और विधिवत तरीके से विवेचना पूर्ण करने जरूरी मार्गदर्शन दिए। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि कार्यशाला से विवेचकों को लाभ होगा और विवेचना के स्तर में सुधार आएगा तथा अपराध करने वाले आरोपी सजा के दायरे में लाए जा सकेंगे। प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों में चूक हो जाती है जिसका फायदा अभियुक्त को मिलता है। उन्होंने एनडीपीएस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर सही तरीके से अनुसंधान की जानकारी दी। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुमित कुमार हर्षमाना ने नवीन कानून बीएनएस, बीएनएसएस के प्रावधानों को बताया और कहा कि विवेचना में प्रक्रियात्मक खामियां न करें, सबूतों को सही ढंग से इकट्ठा करें, डिजिटल साक्ष्यों को बारीकी से प्राप्त करें ताकि साक्ष्य मजबूत हो और अपराधी को दण्ड मिल सकें। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल द्वारा पॉक्सो एक्ट एवं जेजे एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों को बताया। कार्यशाला के आयोजक व जिले के एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने उपस्थित विवेचकों को कहा कि कार्यशाला से प्राप्त मार्गदर्शन का उपयोग बेहतर अपराध अनुसंधान में करें। कार्यक्रम का संचालन एएसपी संतोष महतो, आभार प्रदर्शन डीएसपी अनूप एक्का ने किया। इस दौरान सीएसपी एसएस पैकरा, डीएसपी रितेश चौधरी, जिले थाना-चौकी प्रभारी सहित 141 विवेचक मौजूद रहे।



## किसान के खेत से सोलर सबमर्सिबल पंप सेट चोरी

**अंबिकापुर।** राम बहादुर कुशवाहा द्वारा अपने खेत में सौर सुजला योजना के तहत 3 एचपी का सोलर सबमर्सिब्ल संयंत्र का सोलर पंप मोटर, केबल तार, रोप वायर अपने भगवानपुर खुर्द स्थित खेत में लगवाया गया था। 11 दिसम्बर को जब किसान खेत पहुंचा तो उसका 3 एचपी सोलर सबमर्सिबल पंप सयंत्र का सोलर पंप मोटर, केबल, रोप वायर 55मीटर, एचडीपीई पाइप नहीं था। किसान की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धरा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

